# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–15.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस –पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस –एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। एक अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या सरकारी तेल कंपनियों या उनके अधिकृत वितरकों से एलपीजी सिलेंडर रिफिल लेने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे उपभोक्ताओं को भी अपना एलपीजी कनेक्शन तत्काल सरेंडर करना होगा। इस बीच, मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडरों की जल्दबाजी में बुकिंग न करने और आवश्यकता पड़ने पर ही बुकिंग करने का आग्रह किया है।

********************

निर्वाचन आयोग आज शाम चार बजे चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की तिथि की घोषणा करेगा। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

********************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण –एनएचएआई ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास के लागू शुल्क को मौजूदा तीन हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार 75 रुपये करने की घोषणा की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि 75 रुपये की बढ़ी हुई फीस अगले महीने की पहली तारीख से लागू होगी। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित दर वैध फास्टैग वाले पात्र गैर–व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी जो राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर एक हजार से अधिक टोल प्लाजा पर वार्षिक पास सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं।

********************

पुलिस ने खूंटी जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया– पीएलएफआई के छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर तजना नदी के पास छापेमारी के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

********************

रांची में आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस ने आज विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक यातायात राकेश सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

********************

राज्य में तीन दिनों तक चलने वाले बाहा पर्व की शुरूआत हो चुकी है। संथाल समाज की ओर से इस पर्व का आयोजन किया जाता है। रांची के धुर्वा स्थित दिसोम जाहेर गाढ़ विकास समिति के अध्यक्ष छेत्रो मोहन टुडू ने बताया कि यह पर्व प्रकृति और मानव के गहरे रिश्ते का प्रतीक है।

इस मौके पर मरांग बुरु से आए सिकंदर हेम्ब्रम ने कहा कि संथाल समाज आकृति की जगह प्रकृति का पूजा कर रहा है, ताकि लोगों के बीच निरंतरता बनी रहे।

********************

रांची के कडरू स्थित डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल में अब 11वीं और 12वीं के छात्र–छात्राओं को नियमित पढ़ाई के साथ साथ आइआइटी, नीट, सीए समेत विभिन्न इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कराई जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी झारखंड जोन बी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एमके सिन्हा ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शक भी उपलब्ध कराये जाएंगे।

********************

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में बादल छाए रहने और तेज हवा के साथ हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार– इस दौरान खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, संताल और कोल्हान क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ तेज हवा चलने और वज्रपात की आशंका है।

******समाप्त*******